# पी एम एफ एम ई योजना के तहत सफलता की कहानी

## देवेंद्र सेन

देवेंद्र सेन , जो उदयपुर के "राजस्थानी गोल्ड ऑयल " का संचालन करते हैं, पेशे से एक सी ए हैं । एक दिन देवेंद्र के किसी मित्र ने उन्हें पीएमएफएमई योजना के बारे में बताया, योजना के बारे में जानने के बाद देवेंद्र को इस योजना में रूचि हुयी और उन्होंने पीएमएफएमई के वेबसाइट से सारी आवश्यक जानकारी ली और इस योजना के तहत अपना एक उद्योग लगाने का मन बना लिया तथा सफलता पूर्वक योजना का लाभ उठाते हुए अपना उद्योग लगाया।




लाभान्वित का नाम : देवेंद्र सेन
इकाई - तेल
स्थान : उदयपुर
ऋण स्वीकृत होने की तिथि - जून 2024
परियोजना लागत - : 31.42 लाख
ऋण स्वीकृत - 16.28 लाख
अनुदान राशि - 7.70 लाख

वार्षिक कुल आए योजना पूर्व - 5 लाख

वार्षिक कुल बिक्री योजना से लाभ के बाद - 90 लाख

वर्तमान में, देवेंद्र विभिन्न प्रकार के तिलहन जैसे सरसों, तिल और मूंगफली की प्रोसेसिंग पर काम कर रहे हैं। उनके कारख़ाने में किसान से आने वाले तिलहन से तेल निकाल कर अलग -अलग पैक साइज के बॉटल्स में पैक कर के मार्केट में भेज दिया जाता है।







देवेंद्र बताते हैं कि पीएमएफएमई योजना के तहत उद्योग लगा कर देवेंद्र खुद तो उद्योगपति बने ही और अपने आस पास के लोगो को रोजगार भी दिया है। वर्त्तमान में देवेंद्र के उद्योग में 15 - 18 लोग कार्य कर रहे हैं जिसमे 10 - 12 महिलाएं हैं तथा 5 पुरुष वर्कर हैं।

देवेंद्र बताते हैं कि पीएमएफएमई जैसी योजना आज के युवा पीढ़ी के सपने को साकार करने का एक महत्वाकांक्षी जरिया है। जिस के द्वारा फूड प्रोसेसिंग में कुछ नया करने का सपना देखने वाले युवा अपने सपने को पंख लगा सकते हैं और इस योजना का लाभ उठा कर देवेंद्र कि तरह अपना उद्योग लगा कर एक साल में 90 लाख तक का बिज़नेस कर सकते हैं।